तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025

10 कुर्मी समाज ने किया निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का...

11 पुण्यतिथि पर बाबासाहेब आंबेडकर को याद किया




## खबर संक्षेप

### भाटापारा-पलारी में 24.99 लाख का अवैध धान जब्त



**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कोचिये आउट बिचौलिए पर.कड़ी निगरानी की जा रही है। शनिवार को राजस्व अनुभाग भाटापारा एवं पलारी में बिचौलिए से 24.99 लाख रुपये के 1055 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुभाग भाटापारा में एसडीएम श्यामा पटेल के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं मण्डी की संयुक्त टीम ने भव्य ट्रेडर्स सूरजपुरा से 28 क्विंटल अवैध धान मूल्य 66332 रुपये का जब्त किया गया। खैरा के माखन गिरि गोस्वामी से 16.40 क्विंटल अवैध धान मूल्य 38851 एवं रिद्धि सिद्धि एग्रो इंडस्ट्रीज से 23,74,183 रुपये मूल्य का 1000 क्विंटल अवैध धान जब्त कर गोदाम सील किया गया। अनुविभाग़ पलारी में ग्राम जर्वे के जलेश्वर साहु के दुकान से 11.2 क्विंटल अवैध धान मूल्य 25760 रुपये जब्त कर जर्वे के बालकदास को सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में एसडीएम भाटापारा श्यामा पटेल, तहसीलदार यशवंत राज, लीलाधर कंवर, सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप, नायब तहसीलदार पंकज बघेल, मण्डी निरीक्षक विजय लाल साहु, मण्डी उपनिरीक्षक श्याम लाल प्रफुल्ल मांझी शामिल थे।

### निर्माण कार्य का निरीक्षण

**नर्रा**। जनपद पंचायत बागबाहरा के ग्राम पंचायत राटापाली में प्रधानमंत्री आवास हितग्राही ने मकान निर्माण कार्य की शुरूआत हो गई है। यह निर्माण कार्य का निरीक्षण करने सरपंच पूर्णिमा सोनवानी और पंचायत सचिव घनश्याम दीवान पहुंचे थे। प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका मुख्य उदेश्य सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करना।

### क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड

**नर्रा**। क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। लोग ठंड से बचने गर्म कपड़ों में स्वेटर, जैकेट, टोपी, शाल के अलावा पैर में मोजा और हाथ के लिए ग्लब्स दस्ताने आदि का उपयोग कर रहे है। ठंड के कारण शाम होते ही चौक-चौराहे व घरों पर लोग लकड़ी जलाकर अलाव तापते नजर आ रहे है।

## अभियान : देश को 2030 तक सम्पूर्ण साक्षर बनाने का है उद्देश्य

# मां-बेटा और सास-बहू ने एक साथ दी उल्लास साक्षरता अभियान महापरीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आज 7 दिसंबर को बलौदाबाजार जिले में महापरीक्षा का आयोजन किया गया। वर्ष 2030 तक देश को पूर्ण साक्षर बनाने के लक्ष्य के लिए यह परीक्षा बेहद अहम मानी जा रही है।

जिले में आयोजित इस परीक्षा में 18 वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक के परीक्षार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कई बुजुर्गों ने बताया कि बचपन में गरीबी या परिस्थितियों के कारण वे पढ़ नहीं पाए, लेकिन अब इस उम्र में परीक्षा देकर उन्हें गर्व और खुशी दोनों महसूस हो रही है।

**परीक्षा केंद्रों पर दिखा अनोखा पारिवारिक माहौल:** इस महापरीक्षा की सबसे खास बात यह रही कि कई जगह शिक्षा की इस पहल ने परिवारों को भी एक साथ ला दिया, पलारी वार्ड क्रमांक 9 में सास ममता धीवर और बहू ईश्वरी धीवर ने एक साथ बैठकर परीक्षा दी, वहीं पलारी ब्लॉक के ग्राम कानाकोट में पति-पत्नी और मां ने साथ में परीक्षा देकर एक अनोखी मिसाल पेश की, एक अन्य परीक्षा केंद्र पर बुजुर्ग चचेरे भाइयों ने साथ बैठकर परीक्षा दी, जिससे केंद्रों पर पारिवारिक रिश्तों का एक अलग ही माहौल नजर आया।


सास बहु पेपर दिलाते हुए।


भाई-भाई पेपर दिलाते हुए

प्रेरित बच्चे



निरीक्षण में बीओ एवं टीम

उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा केंद्र कानाकोट में माँ, बेटा, बहू एक साथ उल्लास साक्षरता परीक्षा दिलाते हुए

### पढ़ने वाले बच्चों ने बताए अनुभव

स्वयंसेवी संस्थाओं के छात्रों ने बताया कि वे कई महीनों से इन बुजुर्गों को रोज एक घंटे पढ़ाते आ रहे हैं। जोड़-घटाना तो इन्हें आता है, लेकिन लिखने में कठिनाई थी। छात्रों का कहना है—"हम इन्हें पढ़ाते जरूर हैं, लेकिन जीवन का अनुभव इनका हमसे कहीं ज्यादा है। हमारा लक्ष्य है कि भारत साक्षर बने और इस दिशा में हमारा छोटा-सा योगदान महत्वपूर्ण है।" जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे ने जानकारी दी कि महापरीक्षा हेतु जिले में 500 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें लगभग 2700 परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है। परीक्षा संचालन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी तय कर दी गई है।

# प्लांट से दो लाख के तांबे की चोरी, 5 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

थाना खरोरा पुलिस ने विद्युत केबल वायर (तांबा) चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार है। घटना अडानी पावर प्लांट रायखेड़ा की थी। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए केबल वायर एवं घटना में उपयोगी आरी ब्लेड जब्त किया गया। आरोपी संदीप सिंग, राहुल सिंग, दविन्दर सिंग पिता कश्मीर सिंग और बलविंदर सिंग हैं। चारो आरोपी मूलतः सरारीमांड चौकी कैरो थाना पटी जिला तरनतारन पंजाब के रहने वाले हैं। वही दलप्रीत सिंग पटी थाना पटी जिला तरनतारन पंजाब का निवासी है। पांचों आरोपी वर्तमान में ग्राम चिचोली अडानी पावर प्लांट के सामने किराए का मकान थाना खरोरा क्षेत्र जिला रायपुर के निवासी हैं।

- आरोपी पंजाब के निवासी, रायपुर में किराए के मकान में रह रहे थे
- पुलिस ने 105 किलो तांबा और चोरी में प्रयुक्त उपकरण किए जब्त

प्रार्थी अडानी पावर प्लांट रायखेड़ा में स्टोर्स इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी के मुताबिक 1 दिसम्बर को 11 बजे वार्ड 4 की चेकिंग करने पर वहां रखे विद्युत केबल लगभग 5800 मीटर अनुमानित कीमत 3,45,000 रुपए नहीं था। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर को सुबह लगभग 5 बजे यार्ड में आरी ब्लेड व वायर कटर लेकर अंदर घुसे थे। टुकड़ा-टुकड़ा करके वायर को काटे और ऊपरी कवर को काटकर निकाल दिए थे। उसके बाद चोरी कर अपने किराए वाले मकान पर में लोगों की नजरों से बचाकर छिपाकर लाये थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 105 किलोग्राम तांबा अनुमानित कीमत 2,10,000 रुपए एवं घटना में उपयोगी दो आरी ब्लेड एवं वायर कटर को जब्त किया।

# विधायक साव ने किसानों से की अपील वजन तौलाई का पैसा ना दें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों से अवैधानिक रूप से वसूली जा रही 7.50 रुपए प्रति क्विंटल को तत्काल बंद कर किसानों के साथ न्याय करने की मांग की है वही विधायक इंद्र साव ने किसानों से अपील करते हुए किसी भी प्रकार का पैसा ना देने और भुगतान के दौरान अतिरिक्त पैसा काटे जाने पर उसका पुरजोर विरोध करने की अपील की है।

- किसानों से 7.50 रु. प्रति क्विंटल वसूली को बताया गैरकानूनी
- विधायक इंद्र साव की कड़ी चेतावनी

विधायक इंद्र साव ने किसानों के नाम जारी अपील में कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। पूरे प्रदेश से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि सभी धान खरीदी केन्द्रों पर धान बेचने वाले किसानों से सोसाइटी के बोरे में धान भरने खरीदी केन्द्र पर कार्यरत हमालों द्वारा 3/- प्रति कट्टा (40 किलो) अर्थात रु. 7.50 प्रति क्विंटल की वसूली करने और ना देने वाले किसानों का धान खरीदी ना करने की धमकी हास्यप्रद है जो किसानों के साथ धोखा है।

### लेबर चार्ज की सोसायटी करे व्यवस्था: विधायक



विधायक श्री साव ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों पर बोरों भराई, तोलाई, सिलाई, छपाई, लोडिंग तथा स्टैकिंग इन सभी कार्यों के लिए मंडी लेबर चार्ज भारत सरकार के द्वारा प्रति क्विंटल रुपये 22.05 रुपए राज्य सरकार की एजेंसी को दिया जाता है। इसका स्पष्ट उल्लेख खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार के परिपत्र 9 अक्टूबर में दिया हुआ है, इस कारण किसानों का धान खरीदने वाली सोसायटियों की जवाबदारी है कि हमालो का सभी भुगतान वह करे। विधायक इंद्र साव ने धान खरीदी केंद्रों पर किसानों से वसूली जा रही 7.50 प्रति क्विंटल की वसूली को तत्काल बंद कर जितने किसानों से वसूला गया है उन्हें वापस करे,वही श्री साव ने किसानों से भी यह अतिरिक्त राशि ना देने और मांगे जाने पर अपना विरोध प्रदर्शन करे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सड्डू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण** – 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण** – 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## न टोकन कट रहे हैं और न हो रही है धान खरीदी

# धान खरीदी केंद्र में हमालों की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवा

इस बार किसान बंधु धान की फसल लगाने से लेकर, बीमारी से फसल बचाने और अब बेचने तक पूरी तरह परेशान हो गए हैं ।

- किसान लगा रहे हैं मंडी के चक्कर

अगस्त, सितंबर में मौसम की बेरुखी और अक्टूबर में एक माह लगातार बारिश से धान के पौधे को रोग लगे। इन कारणों से किसानों के अनुसार इस साल 25 से 50 फीसदी पैदावार कम हुए।

मुड़पार के किसानों ने बताया कि जब से 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हुई है तब से मंडी में अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। जिस किसान का टोकन कट गया है उनका समय पर धान नहीं बिक रहा है। टोकन कटे किसानों के मोबाइल में मंडी के अधिकारी कर्मचारी सूचना दे रहें हैं कि अभी वे धान न लाएं। वहीं किसानों ने आगे बताया कि अभी टोकन नहीं कट रहें हैं।

धान खरीदी कार्य प्रभावित



### 6200 क्विंटल धान की हुई खरीदी

उपार्जन केंद्र से मिली जानकारी अनुसार इस समय धान मंडी मनपसार में 14 करोड़ 6 लाख 87 हजार के 6200 क्विंटल धान खरीदी की गई है। हमालों के आपसी विवाद के कारण हमाल मंडी नहीं पहुंच रहे हैं। 6 दिसम्बर को कुछ ही हमाल आए थे 8 दिसम्बर सोमवार से 25 हमाल आयेंगे बता रहे हैं। मनपसार के धान खरीदी केंद्र प्रभारी अश्वनी साहू ने बताया कि हमालों के नहीं आने से बड़ी समस्या निर्मित हुई है यहां कार्य करने के लिए अभी 15 हमालों की जरूरत है।

**खबर संक्षेप**

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**रायपुर।** आकांक्षा इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट एवं हीरा ग्रुप की सीएसआर पहल के अंतर्गत 3 से 6 दिसंबर तक दिव्यांगता दिवस सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं और नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। समारोह का मुख्य आकर्षण 6 दिसंबर को आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रहा, जिसमें प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## क्रिकेट एप में खेला जुआ, 15 लाख गंवाए तीन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** रकम दोगुना होने के लालच में क्रिकेट एप में ऑनलाइन जुआ खेलकर एक व्यक्ति ने 15 लाख रुपए गंवा दिए। मामले में ऑनलाइन जुआ संचालन करने वाले तीन लोगों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बसना निवासी पुष्पा पुष्टी पति अरूण पुष्टी ने बताया उसके पति अरूण पुष्टी की शहीद वीर नारायण सिंह चौक मेन रोड बसना में डेली नीड्स एवं चाय की दुकान है, जिनका वह सहयोग करती है। उसके पति अरूण पुष्टी ने उसे बताया कि मेरे जान पहचान के बसना निवासी अजीज खान चाय दुकान में आया और बोला कि ऑनलाइन क्रिकेट में पैसा लगाओगे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उनके कहने पर अरूण ने शुरू-शुरू में कुछ पैसे दिए। जिस पर जीत गये हो कहकर उन्हें दिये हुए दोगुना पैसा वापस किया। आगे चलकर अजीज खान, आदिल खान, सद्दाम हुसैन उर्फ मोनू व उसके भाई ने अरूण से कहा कि तुम ऑनइन एप में पैसा लगाकर खेलोगे तो ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा और बार-बार ऑनलाइन क्रिकेट मैच में पैसा लगाने के लिए कहनेलगे। जिस पर उसका आरोपियों के बहकावे में आकर उनके बताये हुए टीम का चुनाव करता था, जिस पर वे उसके पति को पैसे भेजने बोलते थे, कुछ समय तक जीत की रकम मेरे पति के खाते में दिये, बाद में तुम हार गये हो कहकर पैसा रख लेते थे। उक्त व्यक्तियों के द्वारा मेरे पति को जीतोगे कहकर बार-बार उन्हें प्रलोभित करते रहे और ऑनलाईन क्रिकेट एप में सट्टा खिला रहे। प्रार्थिया के पति ने उनको रकम देने के लिए फोन पे बिसनेस लोन, क्रेडिट कार्ड (एचडीएफसी बैंक) व पर्सनल लोन के माध्यम से करीबन 8, 70, 000/-रू० लोन भी लिया था, जिसे आरोपियों को उसने दिया। उसके पति ने 09/07/2024 से 19/08/2025 तक करीबन 15 लाख रूपये नगदी एवं फोन पे के माध्यम से आदिल खान व सददाम हुसैन उर्फ मोनू को उनके फोन पे नंबर के माध्यम से क्रिकेट एप में पैसा लगाने दिया।

# कुर्मी समाज ने किया निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

**सामाजिक भवन संडी मुड़पार में कार्यकारिणी ग्राम ईकाई की बैठक संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारी राज का राज कार्यकारिणी ग्राम ईकाई का बैठक सामाजिक भवन संडी मुड़पार मे संपन्न हुआ। जिसमें केंद्र व पलारी राज के सहयोग से संचालित निशुल्क सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया।तथा 14 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले पलारी राज के वार्षिक राज अधिवेशन के लिए स्थल निरीक्षण, कार्यो की जिम्मेदारी व कार्ययोजना बनाई गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजप्रधान रामखिलावन वर्मा ने कहा संडी मुड़पार में निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण लेकर हमारी माताएं बहने आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होगी । वार्षिक राज अधिवेशन के लिए विस्तार से जानकारी दे कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी तय किया गया। तेजराम वर्मा संरक्षक व पूर्व राजप्रधान ने कहा समाज को सामाजिक कार्य के साथ-साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता हैं इसलिए समाज द्वारा निशुल्क सिलाई मशीन सेंटर का खुलना सराहनीय है। राज अधिवेशन हमारे समाज का महत्वपूर्ण आयोजन है। विपिन बिहारी वर्मा संरक्षक व पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ने राज अधिवेशन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिया तथा निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की सराहना की।



**ये रहे उपस्थित**

बैठक में बुधराम वर्मा, भुवन सिंह वर्मा, मिथलेश वर्मा, डॉ. डाकेश्वर वर्मा, कार्तिक वर्मा, डागेश्वर वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, मंतराम वर्मा, रामनारायण वर्मा, संतोष वर्मा, भानु वर्मा, भारत वर्मा, यशंवत वर्मा, नूतन बंछोर, पुनीत वर्मा, परमेश्वरी वर्मा, राजेश कुमार, चंद्रीका, संतराम, जगमोहन, शिवप्रसाद, वेदप्रकाश, नारायण प्रसाद, नंकछेद ,कमलेश कुमार, तुकाराम, युगल विक्की, नुपेश, मनोहर, कुणाल, कुलेश्वर, दादु राम, धनश्याम, चुडमनी, कृपा राम, जीवन लाल,गोपाला, देवेंद्र, नूतन, धनश्याम, आशाराम, टाकेश्वर, गंगेश्वरी, अन्नू, ज्योति, भुनेश्वरी, मधु वर्मा, परमेश्वरी, प्रीतम सहित स्वजातियों की उपस्थित थे।

**आयोजन : उल्हास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत महापरीक्षा सम्पन्न**

# अंचल में 15 वर्ष से अधिक आयु के 2591 परीक्षार्थियों ने दी सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

उल्हास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत आज 7 दिसंबर को जिलेभर में महा परीक्षा का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों ने साक्षर बनने के संकल्प के साथ बड़े उत्साह से परीक्षा में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऐसे लोगों को साक्षर बनाना है, जो बाल्यावस्था में शिक्षा से वंचित रह गए थे।

सुहेला क्षेत्र के प्राथमिक बालक शाला और नवीन प्राथमिक शाला में क्रमशः 15 एवं 21 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं बुड़गहन केंद्र में लगभग 115 परीक्षार्थी, बिटकुली में 50, नवापारा मे 120, बरडीह मे 52, सकरी मे 28, फुलवारी मे 70, नेवारी मे 80, तिल्दा बांदा 42, रावन मे 61, झीपन मे 112, भोथीडीह मे 44, डिग्गी मे 54, लोहारी मे 100, शिकारी केसली मे 73, बासीन मे 94, धोबनीडीह मे 30, पड़कीडीह मे 49 परीक्षार्थी शामिल हुए। सिमगा ब्लॉक मे बनाए गए कुल 42 परीक्षा केंद्रों में मिलाकर लगभग 2591 परीक्षार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। महापरीक्षा का समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रखा गया था, जिसमें परीक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार केंद्र पहुंचकर प्रश्नपत्र हल करते रहे। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत कठिन थे, कई को समझने में दिक्कतें आईं। ऐसे में शिक्षकों ने निर्देश पुस्तिका में दिए गए मार्गदर्शन के आधार पर उन्हें प्रश्नों को समझने में सहयोग दिया। उक्त संबंध में ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर किरण वर्मा ने बताया कि विकासखंड सोहेला में कुल 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जहां 2591 से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा देकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि इस महा अभियान का लक्ष्य असक्षर लोगों को पूरी तरह साक्षर बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है।





**बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी**

अभियान में विशेष रूप से 40 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों की भागीदारी देखने योग्य रही। पढ़ाई से वर्षों दूर रहने के बावजूद उन्होंने साक्षर बनने के अपने संकल्प को मजबूत रखते हुए पूरी निष्ठा से परीक्षा दी। कई जगह बुजुर्गों का उत्साह शिक्षक और कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का विषय बना।

**परीक्षा पश्चात विशेष स्वागत**

कई केंद्रों में परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों को नाश्ता, फल या भोजन कराकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इससे असक्षर से साक्षर बनने की इस ऐतिहासिक यात्रा में उनका उत्साह और बढ़ा।

# नागरिकों को दिलाया स्वदेशी अपनाने का संकल्प






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नेहरू चौक बलौदाबाजार में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में स्वदेशी संकल्प रथयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना न केवल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह देश के प्रति सच्चे प्रेम का भी प्रतीक है। उपस्थित नागरिकों को "स्वदेशी अपनाओ स्वदेशी जगाओ" का संकल्प दिलाते हुए विदेशी वस्तुओं के स्थान पर देश में निर्मित उत्पादों के उपयोग का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी मोदराज पैकरा, श्याम सुंदर केसरवानी, मुरारी साहू, महेश अग्रवाल, जुगल भट्ट, प्रो. डॉ. जय नारायण, शिवनरेश मिश्रा, सदस्य लक्ष्मी साहू, अजय केडिया, शिव कुमार केसरवानी, दिनेश वर्मा, नवल किशोर अग्रवाल, सुशील सराफ, प्रदीप माहेश्वरी, नेहरू लाल यादव, सुरेश जैन, आशीष कुमार, पुनेश्वर नाथ मिश्रा, गणेश शंकर साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पिछली बार भर सकी थी इंजीनियरिंग की सिर्फ 50 प्रतिशत सीटें, नए सत्र के लिए फिर आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए मान्यता नवीनीकरण और नवीन संबद्धता के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। आवेदन फॉर्मेट सहित अन्य सभी जानकारियां विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

महाविद्यालय दिसंबर अंत तक आवेदन कर सकेंगे। ना केवल इंजीनियरिंग महाविद्यालय बल्कि फॉर्मेसी महाविद्यालयों को भी इस अवधि में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यह प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इंजीनियरिंग महाविद्यालयों की मौजूदा सत्र में करीब 11 हजार सीटें हैं। तीन राउंड में 5751 सीटों में प्रवेश हुआ। इस तरह से 4201 खाली रह गए थे।इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के विपरित फॉर्मेसी पाठ्यक्रमों को लेकर छात्रों में क्रेज अभी भी है।

**बंद होने वाले महाविद्यालय नहीं करेंगे आवेदन :** इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में छात्रों की रुचि कम होने के बाद से बीते 10 वर्षों में लगभग 20 महाविद्यालयों पर ताला लग चुका है। 2015 में प्रदेश में 51 इंजीनियरिंग महाविद्यालय थे। जबकि वर्तमान में 33 इंजीनियरिंग महाविद्यालय ही हैं। इनमें शासकीय महाविद्यालय भी शामिल हैं। जो महाविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 में संस्थान बंद करना चाहते हैं, वे संबद्धता के लिए आवेदन नहीं करेंगे। बीते दो वर्षों में बंद होने वाले महाविद्यालयों में अधिकतर दुर्ग-भिलाई के ही रहे हैं।

**कम होगी सीट संख्या, ब्रांच में भी ताला**

विश्वविद्यालय के अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, कई महाविद्यालय ऐसे हैं जो पूरा संस्थान बंद करने के स्थान पर कुछ ब्रांच को बंद करना चाह रहे हैं। कुछ ब्रांच की सीटें भी कम करने की तैयारी है। कई ब्रांच ऐसे हैं, जिसके लिए बीते कई सत्र से छात्र अधिक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इनकी मॉनिटरिंग कर महाविद्यालय इन्हें बंद करने की तैयारी में हैं, ताकि संबंधित ब्रांच संचालन के लिए नियुक्ति प्राध्यापक सहित अन्य खर्च बचाए जा सकें। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में किसी भी ब्रांच बंद नहीं होगी और ना ही सीट संख्या में कमी आएगी।

# भूपेश बोले : सरकार की किसान विरोधी नीति का शिकार हुआ मनबोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मेकाहारा जाकर बागबाहरा के किसान मनबोध गाड़ा से मिला

बागबाहरा के किसान मनबोध गाड़ा द्वारा गला काट कर आत्महत्या के प्रयास पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, सरकार की किसान विरोधी नीति का शिकार हुये हैं। पूरे प्रदेश में धान खरीदी अस्त व्यस्त है। किसान बिल्कुल इस व्यवस्था को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। धान खरीदी में बारदाने की कमी है, तौल में गड़बड़ी है, वजन कम आ रहा है। किसानों से सबसे ज्यादा परेशानी अगर किसी चीज से किसानों को है, तो वह टोकन का है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में किसान अपना टोकन नहीं कटा पा रहे हैं। लिमिट भी कम कर दिया गया है, ऐसी स्थिति पूरे प्रदेश में है।

उन्होंने कहा, महासमुंद के बागबाहरा का मनबोध गाड़ा एक एकड़ 40 डिसमिल का किसान है। वह लगातार चॉइस सेंटर टोकन कटाने के लिए जा रहा है। ऑफलाइन जा रहा है, समिति के चक्कर लगा रहा है। लगातार वह इधर से उधर चक्कर काट रहा है और नहीं कटा, तो उन्होंने गला काट लिया जो बेहद पीड़ा दायक है। यह विष्णुदेव साय सरकार के गाल में करार तमाचा है कि पहली बार ऐसा हुआ है कि किसान ने अपना गला रेत लिया है।

**ये प्रतिनिधिमंडल में शामिल**

कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर के मेकाहारा अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने महासमुंद बागबाहरा के किसान मनबोध गाड़ा के परिवार से मुलाकात की। धान खरीदी के समय टोकन ना काटने से उन्होंने गला रेत लिया है, जिस वजह से वह अस्पताल में एडमिट हैं। उनका ऑपरेशन चल रहा है, कांग्रेस डेलिगेशन ने उनके परिवार से मुलाकात की और हरसंभव मदद की बात कही है।

# अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश, फेडरेशन ने 28 को प्रदर्शन का किया ऐलान, 32 संगठनों के कर्मचारी होंगे शामिल

**छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन का आव्हान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारियों ने नियमितीकरण, स्थायीकरण, मानदेय में वृद्धि और निकाले गए कर्मचारियों की बहाली करने सहित अन्य मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने 28 दिसंबर को राजधानी रायपुर में विशाल प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इसमें प्रदेशभर के 32 संगठनों के हजारों अनियमित कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल होंगे।

छत्तीसगढ़ के शासकीय कार्यालयों में सालों से कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, स्थायीकरण अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने, आउट सोर्सिंग, ठेका, सेवा प्रदाता, समूह समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम को बंद करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर फेडरेशन ने 28 दिसंबर को प्रदेश व्यापी आंदोलन की घोषणा की है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने कहा है कि अनियमित कर्मचारी 25 से 30 साल से किसी न किसी प्रकार से शासन की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पर विडंबना है कि वर्तमान में इनकी स्थिति मजदूरों से भी बदतर है। आर्थिक सुरक्षा, बेरोजगारी, प्रशासनिक दबाव के कारण वे अपने हक की आवाज नहीं उठा पा रहे। अनियमित कर्मचारियों की समस्याओं पर भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी की सरकार बनने पर इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का वादा किया था। मोदी गारंटी 2023 में एक कमेटी गठित कर उस कमेटी में अनियमित कर्मचारियों को शामिल कर समीक्षा प्रक्रिया प्रारंभ करने का उल्लेख किया गया है, लेकिन कमेटी गठन के आदेश में अनियमित कर्मचारियों का कोई उल्लेख नहीं होने और कमेटी में अनियमित कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों को शामिल नहीं करने पर प्रदेश भर के अनियमित कर्मचारी आक्रोशित हैं। फेडरेशन का कहना है, मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्रियों से मुलाकात के बावजूद भाजपा सरकार के 17 माह बीतने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया।




**न्यूनतम और संविदा वेतन में वृद्धि नहीं**

अनियमित कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें नियमित कर्मचारियों से आधे से भी कम वेतन देने का प्रावधान न्यूनतम वेतन अधिनियम और संविदा नियम के तहत है, पर न्यूनतम वेतन का पुनरीक्षण 2017 से एवं संविदा वेतन अगस्त 2023 के बाद से वृद्धि नहीं की गई है, यह कर्मचारियों के साथ सरासर नाइंसाफी है।

**प्रमुख मांग**

- नियमितीकरण, स्थायीकरण।
- निकाले गए कर्मचारियों की बहाली।
- न्यून मानदेय वाले कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिया जाए।
- अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक किया जाए।
- आउट सोर्सिंग, ठेका, सेवा प्रदाता, समूह-समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम बंद कर विभाग में समायोजन की मांग।

**बिजली और सफाई व्यवस्था बेहद लचर होने से गंदगी का आलम**

# ट्रांसपोर्ट नगर का सिस्टम फेल, सड़क पर संचालक चला रहे हैं रिपेयर शॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रावांभाठा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर की हालत खराब होती जा रही है। दरअसल ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण ट्रक, हाईवा और ट्रेलर जैसी बड़ी गाड़ियों के लिए किया गया है। रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बिरगांव क्षेत्र के रांवाभाठा में ट्रांसपोटर्स के लिए बनाई गई व्यवस्था बिगड़ गई है। सिस्टम फेल होने से आने-जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली और सफाई व्यवस्था बेहद लचर होने से गंदगी का आलम है। इसका फायदा वाहन रिपेयर वर्कशाप चलाने वाले उठा रहे हैं। कई शॉप संचालकों ने सड़क पर वाहनों को रिपेयर करना शुरू कर दिया है।

ट्रांसपोर्ट नगर की समस्याओं को लेकर देवांगन समाज के धर्म प्रचार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और बिरगांव निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखम लाल देवांगन ने इसकी शिकायत अब निगम के अधिकारियों से करने का निर्णय लिया है। बताया कि भले ही आरडीए ने रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर बसा दिया है, लेकिन वहां अव्यवस्था का आलम है। पानी निकासी के लिए बनवाई गई नालियां कचरे से पट गई हैं। अभी भी यहां पर प्राधिकरण के बहुत सी जमीन ट्रांसपोर्ट नगर में खाली है, इसका फायदा व्यापारी उठा रहे हैं। आरडीए ने बिरगांव निगम को ट्रांसपोर्ट नगर हस्तांतरित करके पल्ला झाड़ लिया है। निगम के अधिकारी और कर्मचारी वहां झांकते भी नहीं हैं, इससे ट्रांसपोर्ट नगर की स्थिति दयनीय हो गई है।



**दुकान का सामान बाहर फैलाना शुरू कर दिया**

ट्रांसपोर्ट नगर में ज्यादातर मार्गों को बंद करके वहां पर ट्रकों को खड़ा किया जा रहा है। साथ ही पुराने कंडम वाहनों को ट्रांसपोर्ट नगर की सड़कों पर ही खड़ा किया जाता है। ट्रांसपोर्ट नगर में जिन लोगों को दुकान आवंटित की गई है, उन्होंने मनमानी करते हुए दुकानों का सामान बाहर फैलाना शुरू कर दिया है। इससे दूसरे वाहन चालकों को आने-जाने में भी दिक्कत होती है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जिम्मेदारों से शिकायत की जाएगी, ताकि लोगों को होने वाली परेशानी से बचाया जा सके।

**बाइपास सड़कों पर भारी वाहनों का कब्जा**

ट्रांसपोर्ट नगर के आसपास जितनी भी बाइपास सड़कें हैं, वहां भी माल वाहकों की पार्किंग की जा रही है। इससे सड़कों पर जाम लगने की स्थिति बन रही है। रोकथाम के लिए ना तो निगम ध्यान दे रहा और ना ही पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने पहुंचता है। इससे बिलासपुर मुख्य मार्ग ही नहीं, रिंग रोड किनारे सर्विस रोड पर भी ट्रक, हाईवा का कब्जा है। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने और जनता को सुविधा देने के लिए बाइपास में निगम और पुलिस प्रशासन से अभियान चलाने मांग की है।

# बूढ़ातालाब का फाउंटेन महीनों से बंद ठेकेदार की सुरक्षा निधि होगी राजसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बूढ़ातालाब में महीनों से बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन लगाने वाले ठेकेदार की सुरक्षा निधि राजसात होगी। आम जनता को इससे होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए महापौर मीनल चौबे ने रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए। अधिकारियों के साथ महापौर ने शनिवार को बूढ़ातालाब का दौरा किया। कांग्रेस शासनकाल में राजधानी के ऐतिहासिक बूढ़ातालाब को प्रदेश का सबसे सुंदर और भव्य सरोवर बनाने तालाब सौंदर्यीकरण कराया गया। इस दौरान 5 करोड़ रुपए की लागत से म्यूजिकल फाउंटेन लगवाए गए। कुछ समय तक रंगीन रोशनी के साथ संगीतमय स्वर लहरी बिखेरने वाला म्यूजिकल फाउंटेन अपनी भव्यता के लिए चर्चा में रहा। बाद में इसमें खराबी आने के कारण बंद हो गया। बूढ़ातालाब में सुबह-शाम वॉक के लिए आने-जाने वालों ने इसकी जानकारी महापौर को दी। आम जनता से जानकारी मिलने के बाद वे स्थल पर पहुंचीं और फाउंटेन को बंद देखकर तत्काल स्थल से रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को बुलवाया। उप अभियंता शुभम तिवारी और योगेंद्र साहू पर फाउंटेन लंबे समय से बंद होने और नागरिकों की सुविधा दोबारा नहीं शुरू करने पर नाराजगी जताई।

## खबर संक्षेप

### किसानों को धान बेचने में हो रही समस्या



**मुड़पार सरसीवां ।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने राज्य के किसानों को धान बिक्री में हो रही समस्या पर नाराजगी जताते हुए राज्य की भाजपा सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष टंडन ने कहा कि राज्य भर में धान खरीदी शुरू हुई है बड़ी संख्या में किसानों को टोकन नहीं मिल रहा है, जिस किसान का टोकन कट गया उनका धान बिक्री नहीं हो रही है। धान को उपार्जन केंद्र के अधिकारी कर्मचारी वापस लौटा रहें हैं जो कि बेहद निंदनीय है। बड़ी संख्या में किसानों के खसरे तकनीकी कारणों से ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज नहीं हो पाया है जिससे किसान राजस्व विभाग के चक्कर काट रहे हैं।समय पर धान बिक्री नहीं होने से किसान शारीरिक, मानसिक और आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं हाल ही में महासमुंद जिले के एक किसान को टोकन न कटने पर अपने गले काटकर आत्महत्या कर ली जो शासन प्रशासन की गंभीर लापरवाही और सरकार की नाकामी को दर्शाती है। किसान प्रदेश की रीढ़ है, धान बिक्री न होने से किसानों को आत्महत्या करना शासन के व्यवस्था की विफलता का संकेत है। श्याम टंडन ने राज्य सरकार से किसानों की इन समस्याओं का समय पर जल्द निराकरण करने अनुरोध किया है वही धान पंजीयन का सरलीकरण करने, समय पर टोकन जारी कराने और टोकन कट चुके किसानों के धान समय पर खरीदी की मांग की है।

### चिंवरी में कबड्डी प्रतियोगिता 12 को

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी के चिवरेश्वरनाथ कबड्डी टीम, नवयुवक संघ एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्यस्तरीय एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 12 को आयोजित की गई है। प्रवेश शुल्क 250 रुपए है। प्रथम पुरस्कार 7 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 1500 रुपए दिया जायेगा।

# बिलाईगढ़ तहसील साहू समाज का हुआ चुनाव, मेंदराम बने निर्विरोध अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में साहू समाज के पदाधिकारी का निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। बात करें बिलाईगढ़ तहसील की तो यहां निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। बिलाईगढ़ तहसील में नवनिर्वाचित निर्विरोध अध्यक्ष मेंदराम साहू बने है। अध्यक्ष के लिए पांच उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया था इसके बाद आपसी तालमेल जमाया गया और चार लोगों ने अपना नाम वापस ले लिया। वहीं उपाध्यक्ष लोकनाथ साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सिया साहू, संगठन सचिव पुरुष सहदेव साहू, संगठन सचिव महिला संतोषी साहू भी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

**उपाध्यक्ष से लेकर संगठन सचिव तक सभी पदों पर निर्विरोध चयन**



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम को निर्वाचन अधिकारी कामता साहू, सह निर्वाचन अधिकारी कोमल साहू, निर्वाचन समन्वयक समिति के सदस्य द्वारिका साहू, जिला संरक्षक पंचराम साहू, लोकनाथ साहू, संतोषी साहू, दशरथ साहू और सहदेव साहू ने भी संबोधित किया जिसके बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। वही इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में साहू समाज के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे ।

इसके बाद सभी पदाधिकारी को साहू समाज के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष मेंदराम साहू ने कहा कि आप लोगों ने मुझे इस पद पर बैठाया है मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि यह बड़ी जिम्मेदारी जो मुझे मिली है मैं उसकी निष्ठापूर्वक निर्वहन करुंगा और आप सभी के सहयोग से ही समाज को आगे बढ़ाने में काम करूंगा जिस प्रकार से आप लोगों का सहयोग मिला आगे भी इस प्रकार से सहयोग मिलता रहे हम सब मिलकर हमारे समाज को उन्नति की ओर ले जाएंगे ।

**आयोजन : बारूद के रखरखाव तथा सदुपयोगिता विषय पर हुआ आयोजन**

# अल्ट्राटेक कुकुरडीह लाइमस्टोन खदान में मना 41वां वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खान सुरक्षा महानिदेशालय, बिलासपुर एवं रायगढ़ परिक्षेत्र के तत्वाधान में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स के कुकुरडीह लाइमस्टोन खदान में 4 दिसम्बर 2025 को 41वें खान वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। सुरक्षा पखवाड़ा के तहत खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा नामित निरीक्षण दल द्वारा खदान का अवलोकन किया गया। इस वर्ष यह कार्यक्रम "बारूद के रख-रखाव तथा सदुपयोगिता" विषय पर आयोजित किया जा रहा है। 41वें वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खदानों में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देना, कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरूकता बढ़ाना था।

निरीक्षण टीम के द्वारा सबसे पहले माइंस के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया और सुरक्षा के सभी मापदंडो के अनुरूप खदान संचालन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की और अपनाई गई सुरक्षा संस्कृति और सर्वोत्तम प्रणालियों पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अभिषेक भारद्वाज एफएच-माइंस ने अतिथियों का स्वागत करते हुए खदान से संबंधित सुरक्षा एवं सावधानियों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा सिर्फ नियमों का पालन नहीं, बल्कि हर कर्मचारी के जीवन का अभिन्न अंग है।अन्य गणमान्य व्यक्तियों में अभिजीत जोशी एफएच-टेक्निकल, सुनील कुमार शर्मा माइंस मैनेजर, हेमंत वर्मा जियोलॉजिस्ट, संदीप सिंह एसएच-माइंस मेंटेनेंस के साथ साथ प्लांट के विभिन्न विभागों के प्रमुख और अन्य सभी कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया। सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, कुकुरडीह के बालक-बालिकाओं ने अतिथियों के स्वागत में मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया और उनके द्वारा खदान सुरक्षा को थीम बनाकर सार्थक नाटक प्रस्तुत किया गया।

**खान सुरक्षा महानिदेशालय की निरीक्षण टीम ने किया अवलोकन**





### सुरक्षा पखवाड़े की मुख्य गतिविधियां

माइंस के कर्मचारियों के द्वारा भी खदान सुरक्षा को थीम बनाकर नाटक एवं गीत प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों का उद्देश्य सरल और मनोरंजक तरीके से सुरक्षा संदेशों को गहराई तक पहुंचाना था। पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कुकुरडीह स्कूल में और माइंस के कर्मचारियों के बीच किया गया था जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और साथ ही साथ प्रस्तुति देने वाले बच्चों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का समापन विजीत तभाने द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करने पहुंचे कार्यक्रम के संयोजक बीरेंद्र कुमार, सेल भिलाई स्टील प्लांट, सदस्य प्रशांत राउत, एनएमडीसी किरंदुल सेफ्टी मैनेजर, अंकुर गोयल, मैकेनिकल इंजीनियर, श्री बजरंग पावर इस्पात लिमिटेड और योगेश कोशरे, नुवोको सीमेंट वर्कमैन इंस्पेक्टर की कार्यक्रम में गरिमामय उपस्थिति रही।

# शिक्षक राजेश कुमार पाल को दी सम्मानपूर्वक विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय नवीन प्राथमिक शाला बेल्दार सिवनी, भाटापारा में शिक्षक राजेश कुमार पाल का सम्मान पूर्वक विदाई समारोह एवं न्योता भोज का कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संकुल के शिक्षकगण, स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, मध्यान्ह भोजन समूह, रसोइयागण, विद्यालय के शिक्षकगण एवं सभी विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

- विद्यार्थियों और स्टाफ ने पुष्पमाला व उपहार देकर किया सम्मान
- भावुक माहौल में पेन–पेंसिल वितरण और न्योता भोज का आयोजन

कार्यक्रम में विशेष रूप से संकुल के शिक्षक भरत लाल साहू, सनत कुमार दीवान (बुडेनी), नानक चंद वर्मा (तिल्दाडीह), कमलेश कुमार कन्नौजे (बेल्दार सिवनी) उपस्थित रहे।

वहीं एसएमसी की वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष-उपाध्यक्ष द्रोपती पटेल, नीतू धीवर, अनिता वर्मा, अमृत वर्मा, शांति बाई निर्मलकर, परसराम वर्मा सहित सभी सदस्यगण मौजूद रहे। विद्यालय के शिक्षक दुष्यंत कुमार वर्मा, रोशन लाल साहू, नरेंद्र कुमार ध्रुव समेत समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने पाल सर को उनके उत्कृष्ट कार्यकाल के लिए पुष्पमाला पहनाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

### प्रिय शिक्षक को दी भावुक विदाई

विद्यार्थियों ने भावुक होकर अपने प्रिय शिक्षक को विदाई दी। इस अवसर पर श्री पाल सर ने बच्चों को पेन व पेंसिल वितरित कर स्नेहपूर्ण विदाई ली। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने न्योता भोज में खीर, पुड़ी, मिठाई, दाल-चावल एवं सब्जी का आनंद लिया। संस्था प्रमुख ओमप्रकाश वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए राजेश कुमार पाल के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# पुण्यतिथि पर बाबासाहेब आंबेडकर को याद किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भारत रत्न संविधान निर्माता देश के प्रथम कानून मंत्री बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 69 वें पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर याद करतें हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। पलारी थाना परिसर में स्थित बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर केंडल जलाकर नमन करते हुए बाबा साहेब अमर रहें, जब-तक सूरज चांद रहेगा तब तक बाबा साहेब तेरा नाम रहेगा के जयघोष के साथ याद किया गया। पुष्पांजलि अर्पित करने वाले में प्रमुख रूप से प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के महासचिव मोहन बंजारे, संकुल समन्वयक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम राय, रज़्ज़ाक खान, पार्षद सभापति नेमसिंह बांधे, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम धिरहे, पूर्व पार्षद पुष्पा बंजारे, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भगवती टण्डन, जगजीवन जोशी,चेतन पुरेना, कांशी घृतलहरे, संतोष कोशले, पार्वती कोसले, राजेन बांधे, चंद्रावली बंजारे, सचिव लता आडिल, सहसचिव सुशीला बघेल सहित सर्व समाज के लोगो श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# गोलू कैवर्त्य बने चंगोरी परिक्षेत्र केवट समाज के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

केंवट निषाद समाज केंद्रीय समिति शिवरीनारायण 30 नवम्बर को पुनः चंगोरी परिक्षेत्र के सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए केंद्रीय समिति शिवरीनारायण में नए पदाधिकारी मनोनीत कर प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति पत्र दिये गए हैं जिनका कार्यकाल आज से प्रभावशील हो गया है।

नए कार्यवाहक अध्यक्ष में गोलू कैवर्त्य (तिल्दा निवासी) को अध्यक्ष मनोनीत किये गए हैं। वहीं सचिव में अमलीडीह निवासी चंद्रप्रकाश कैवर्त्य व कोषाध्यक्ष में सोलहा सरखोर निवासी बिसाहू कैवर्त्य को मनोनीत कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर चंगोरी परिक्षेत्र के सामाजिक लोगों सहित केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति रहा।

उक्त कार्यक्रम में सर्वराकार खोलबहरा राम कैवर्त्य, अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद कैवर्त्य, कोषाध्यक्ष सनत कुमार केवट, महासचिव रमेशचंद्र कैवर्त्य, उपाध्यक्ष धनेश कैवर्त्य, बहरता राम संरक्षक, प्रवक्ता प्रकाश निषाद, जय प्रकाश कैवर्त्य, रामफल कैवर्त्य, रामबिलास केवट, जितेंद्र कुमार कैवर्त्य, तुलसी निषाद, चंद् राम निषाद, व चंगोरी परिक्षेत्र से आनंद राम कैवर्त्य, अनिल कैवर्त्य, राजकुमार कैवर्त्य ,भुनेश्वर कैवर्त्य अन्य सभी स्वजातीय पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।



# दो वार्डों में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद अंतर्गत विभिन्न वार्डों में बुनियादी अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सीसी रोड निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

- रामसागर वार्ड में 21.14 लाख की बस स्टैंड पहुंच मार्ग का भूमिपूजन

गांधी मंदिर वार्ड एवं केके वार्ड में देवेंद्र देवांगन के निवास से बसंत के निवास तक लगभग 9.51 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया, जो वर्षों से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग रही है। इस मार्ग के निर्माण से नागरिकों को आवागमन में उल्लेखनीय सुविधा मिलेगी तथा धूल-कीचड़ की समस्या से राहत प्राप्त होगी। इसी क्रम में रामसागर वार्ड में ओवरब्रिज के किनारे से नए बस स्टैंड रोड तक लगभग 21.14 लाख की लागत से बस स्टैंड पहुंच मार्ग (सीसी रोड) निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। यह व्यापारियों एवं आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी और क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर सभापति गोविन्द पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, पार्षद नंद किशोर, वैष्णव अजय ठाकुर, नरेंद्र यदु,शुभम राजपूत, देवेन्द्र साहू, आशीष जायसवाल, व्यास यदु रज्जु साहू, सुशील वर्मा, कैलाश जैन, सुभाष जैन, बादल देवांगन, देवेंद्र देवांगन, सुनील डागा, अशोक साहू, निमेश ठाकुर, राजेश अग्रवाल, हारून, बसंत देवांगन, अभिषेक यदु, विनोद यदु, सुखदेव यदु, प्रमिला यादव, सोना यदु, राजकुमारी देवदास, सावित्री यदु आदि उपस्थित रहे।



### मूलभूत सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता: शिवरतन

इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर के निरंतर विकास के लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सुदृढ़ सड़कों का निर्माण न केवल आमजन के जीवन को सरल बनाता है, बल्कि व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को भी सशक्त करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे और भाटापारा एक आदर्श नगर के रूप में नई पहचान स्थापित करेगा। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि भाटापारा नगर के समग्र विकास के लिए सड़क, जल, प्रकाश एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले समय में भी नगरवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य किए जाते रहेंगे, जिससे भाटापारा एक सुव्यवस्थित, सुगम एवं आधुनिक नगर के रूप में विकसित हो सके।

**ठेकेदार–अधिकारियों पर लगे मिलीभगत के आरोप**

# सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर जनप्रतिनिधियों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

हिरमी मार्ग पर जारी सीसी रोड निर्माण एवं डामरीकरण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की मिलीभगत से निम्न स्तरीय निर्माण कराया जा रहा है, जिससे शासन की योजनाओं की छवि धूमिल हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुहेला से हिरमी तक लगभग 400 मीटर लंबाई में बनाए जा रहे सीसी रोड में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि कंक्रीट मिश्रण में निर्धारित रेसियो का पालन नहीं करते हुए रेत की जगह पत्थर डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा 20 एमएम की जगह 40 एमएम गिट्टी का प्रयोग, सीमेंट की कम मात्रा तथा अधिक पानी मिलाए जाने से सड़क की मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मिक्सर मशीन की बीट पर्ची भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। डामरीकरण कार्य को लेकर भी ग्रामीणों में असंतोष है। उनका कहना है कि सड़क पर चलने वाले बड़े व चार पहिया वाहन पहले से ही हिचकोले खा रहे हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर संदेह और गहरा होता जा रहा है। इस मामले में जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहन वर्मा ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि सड़क निर्माण मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से स्वीकृत यह महत्वपूर्ण सड़क क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है, लेकिन घटिया निर्माण कार्य से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि निर्माण सामग्री के दो सैंपल लिए जाएँ—एक स्थानीय स्तर पर और दूसरा शासन से मान्यता प्राप्त लैब में शिकायतकर्ता की उपस्थिति में जांच कराया जाए।



### एसडीओ ने गड़बड़ियों को बताया सही

इस संबंध में कंस्ट्रक्शन एजेंसी से बात करने पर विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने की बात कही गई। वहीं पीडब्ल्यूडी एसडीओ साहू ने अपने पक्ष में कहा कि सीसी रोड में आई गड़बड़ियों को ठीक करा दिया गया है। रेसियो पालन संबंधी सवालों पर उन्होंने पहले चुप्पी साधी और कुछ देर बाद फोन आवाज न आने की बात कहते हुए कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

### ठिठुरन बढ़ी लोग ले रहे अलाव का सहारा

**पलारी।** अँचल में मौसम के छटते ही तापमान में गिरावट भारी आई है ठंड बढ़ने के ही लोगो की कपकपी बढ़ गई है ठिठुरन से बचने के लिए लोग गर्म कपड़े पहन रहे हैं, सांथ ही सुबह और शाम जगह-जगह लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं।





सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
08 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:45, 6:00, 9:00 PM
तेरे इश्क में
शो समय - 3:00 PM
हाय पैसा CG
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# नवापारा का बेटा हेमशंकर बना सेना का सपूत, गांव में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा के ग्राम नवापारा अब वीरों की धरती से पहचान बनाने जा रही है। भारतीय सेना में भर्ती होकर हेमशंकर ध्रुव ने नवापारा को गौरवान्वित किया है। प्रशिक्षण से लौटने पर क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। बाजार चौक सहित पूरा गांव भारत माता की जय और जय जवान,जय किसान के नारे से गूंज उठा। स्वागत के दौरान सभी बड़े-बुजुर्गों एवं माताओं, बहनों एवं भाइयों, सभी गांव वाले भाव-विभोर हो गए थे, सभी की आंखें भर आई थी।

इस बारे में गांव के उप सरपंच लोकनाथ वर्मा ने बताया कि हेमशंकर ध्रुव पिता रामकरण ध्रुव, माता लक्ष्मी ध्रुव का पुत्र है, जो की एक गरीब ध्रुव परिवार से हैं, जिन्होंने 12वीं की पढ़ाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में की है उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से भारतीय सेना में स्थान बनाकर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

वही कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित एनसीसी अधिकारी व व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने अपने कैडेट्स के साथ स्वागत कर बधाई दी एवं रैंक बढ़ाने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, सरपंच डोमार सिंह मारकंडेय, पूर्व सरपंच भुनेश्वर वर्मा सहित गांव के सभी बड़े-बुजुर्ग व क्षेत्र वासियों ने आशीर्वाद प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

## भारत माता की जय के नारों से गूंजा पूरा गांव



### शहीद मिथलेश साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

सबसे पहले फौजी हेमशंकर के आगमन पर खूब आतिशबाजी की गई उसके बाद उन्होंने अग्निवीर की तैयारी जहां की थी उस मैदान में श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना किया। वहां से लौट कर बाजार चौक में स्थित शहीद मिथलेश साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेल्यूट किया साथ ही गांव के सभी देवी-देवताओं का भी पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद आयोजित मंचीय कार्यक्रम में सभी ने उनका स्वागत फूल माला श्रीफल व शाल से सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### खट्टा में हरिहर सिंह ध्रुव की पुण्यतिथि आज

**पटेवा।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सा एवं समाजवादी नेता गरीबों के मसीहा डॉक्टर हरिहर सिंह ध्रुव की 56वीं पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम खट्टा में 8 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस विशाल आम सभा में आसपास क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर सिंहा, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष हेतराम साहू होंगे।

### हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा मन



**पिथौरा (ग्रामीण)।** समीपस्थ ग्राम अर्जुनी में तीन दिवसीय करिया धुरवा मेला महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान करिया धुरवा व माता करिया धुरवाईन का आशीर्वाद लेने पहुंचे। मेला महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या किरण शर्मा नाइट विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, अध्यक्षता कर रही जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे एवं विशिष्ट अतिथियों मेला समिति अध्यक्ष प्रेमशंकर पटेल, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा, हरप्रसाद पटेल, भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारीा की पूजा-अर्चना कर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि करिया , बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का उज्ज्वल प्रतीक है।

## निधन

### पुनाराम साहू

**पलारी ।** घिरघोल निवासी पुनाराम



साहू 68 वर्ष का निधन हो गया है जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें स्नेहीजन सहित ग्राम के वरिष्ठजन सम्मिलित हो कर श्रद्धांजलि अर्पित की । वे मुरली साहू के पिता, ओम प्रकाश साहू के चाचा, कमलेश, ग्रिजेश के दादा जी थे ।

### मलखम साहू

**बंगोली ।** ग्राम बंगोली निवासी



मलखम साहू का आकस्मिक निधन 6 दिसंबर शनिवार को हो गया जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग श्रद्धॉजली अर्पित की । वे कचरा बाई साहू के पति, उदल साहू के अग्रज एवं राज साहू के पिता थे एवं दिलीप साहू के बड़े पिता थे ।

### पुरातन बाई निषाद

**पलारी ।** चरौदा निवासी पुरातन



बाई निषाद 75 वर्ष का आकस्मिक निधन को हो गया है जिनका अन्तिम संस्कार गृह ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम महानदी में किया गया जहां पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजली अर्पित कि वे ढाली निषाद, कमल निषाद के माता व सुखी, टिकेश्वर , केशो, तनू निषाद के दादी थे ।

## निरीक्षण : समय पर सभी तैयारी पूर्ण करने अधिकारियों को दिये निर्देश

# कलेक्टर ने सोनाखान का दौरा कर शहीद दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी रविवार को वीरभूमि सोनाखान पहुंचे। उन्होंने 10 दिसम्बर को शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संभावित सोनाखान आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन समिति, आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से चर्चा कर प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा के संबंध में विचार-विमर्श किया और सुझावों के अनुरूप अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी तैयारी समय पर पूरा करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने शहीद वीरनारायण सिंह संग्रहालय, स्मारक स्थल, कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड का स्थल निरीक्षण कर सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच की साज -सज्जा, वीआईपी, समाज प्रमुखों एवं आमजनों की बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल, बाहर से आने वाले समाजिकजनों के भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के वंशजों के निवास स्थल पर जाकर उनसे सौजन्य मुलाकात भी की।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र सिंह दीवान सहित एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# उल्लास साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा में उमड़ा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

उल्लास राष्ट्रव्यापी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक विद्यालय छड़िया में ग्राम के असाक्षर परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के सफल संचालन में प्रधान पाठक शांता पठारे एवं प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के साथ-साथ शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे, भारतीय तांती तथा सुनीता जंघेल का विशेष योगदान रहा।

- विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

परीक्षा के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद दास ने औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा बच्चों से विभिन्न प्रश्न पूछे गए जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक एवं आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। उनके आगमन से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा तथा उत्साह का संचार हुआ।

प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा हेतु कुल 24 असाक्षरों का पंजीयन हुआ था, जिनमें से 8 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक कांत कुमार एवं देवेंद्र सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

# शताब्दी वर्ष पर भाटापारा में आरएसएस ने चलाया हर घर संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठन एवं सेवा के 100 वर्ष पूरे होने पर संघ के स्वयंसेवकों द्वारा भाटापारा नगर के बस्ती में हर घर संपर्क अभियान के तहत घर- घर भारत माँ के चित्र एवं पत्रक का वितरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत महाकाल बस्ती में जिला प्रचारक विवेकानंद, स्वयंसेवक अविनाश शर्मा एवं अन्य स्वयंसेवकों के साथ पत्रक वितरण किया।

- बस्तियों में घर–घर जाकर भारत माता के चित्र व पत्रक वितरित

इस अवसर पर अविनाश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 100 वर्ष की यात्रा पूरी कर ली है। शताब्दी वर्ष के पूरा होने पर पूरे देश में आरएसएस अपने स्वयंसेवकों के माध्यम से सभी सनातनियों को यह पत्रक प्रदान कर राष्ट्र के प्रति समर्पित होने, संघ से जुड़ने, स्वयंसेवक बनने के लिए प्रेरित कर रहा है। स्वयंसेवकों ने लोगों से संवाद कर समाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक संरक्षण एवं स्वावलंबन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया और जगह-जगह पत्रक ग्रहण करने वालों ने स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाया। लोगों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक वातावरण व जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में सतीश साहू, प्रत्येस राठौर, पीयूष साहू, सुरेंद्र डागोर, लाला, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 17 दिसंबर को बलौदाबाजार में हजारों पेंशनरों का होगा महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा के तत्वावधान में 24 वां प्रांतीय पेंशनर दिवस का आयोजन 17 दिसम्बर बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदा बाजार के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के पेंशनर इस महासम्मेलन में उपस्थित होकर आपसी विचार विमर्श के साथ-साथ शासन के मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी जायज मांगों से संबंधित ज्ञापन के माध्यम से शासन का ध्यान आकृष्ट कराएंगे।

- रैली, सम्मान समारोह और स्मारिका विमोचन कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

### मंत्री टंकराम वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

प्रतिवर्ष पेंशनरों के द्वारा आयोजित होने वाला प्रांतीय पेंशनर दिवस वास्तव में पेंशनरों का विजय दिवस है जिसे पूरे प्रांत के पेंशनर इस दिन बड़े उत्साह के साथ उपस्थित होकर इसे पर्व के रूप में मनाते हैं। इस गरिमा पूर्ण महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बलोदा बाजार के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व, आपदा प्रबंधन, उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित रहेंगे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर डीपी मनहर प्रांतष छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, गौरी शंकर अग्रवाल पूर्व विस अध्यक्ष, इंद्र साव विधायक भाटापारा, संदीप साहू विधायक कसडोल, लक्ष्मी बघेल पूर्व विधायक, प्रमोद शर्मा पूर्व विधायक बलोदा बाजार उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिपं, अशोक जैन अध्यक्ष नपा परिषद बलोदा बाजार, सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदा बाजार, विजय केसरवानी वरिष्ठ भाजपा नेता, रामाधार पटेल जिला अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ बलौदा बाजार भाटापारा एवं रतन लाल केवतर्य प्रातिय महासचिव छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ उपस्थित रहेंगे।

प्रातः 8 बजे से स्वल्पाहार के साथ 10 बजे से सभी पेंशनर्स रैली के रूप में जिला ऑडिटोरियम से दशहरा मैदान तक शामिल होकर पुनः वापस कार्यक्रम स्थल पर इकट्ठे होंगे। दोपहर 12 बजे से अतिथियों का आगमन, स्वागत एवं 80 वर्ष या अधिक उम्र वाले पेंशनरों के साथ कुछ विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त पेंशनरों का अतिथियों के द्वारा सम्मान तथा स्मारिका पत्रिका का विमोचन का कार्यक्रम संपन्न होगा। दूरस्थ अंचलों से कुछ पेंशनर एक दिन पूर्व 16 दिसम्बर को आएंगे उनके आवास की व्यवस्था नगर भवन एवं गायत्री मंदिर में की गई है साथ ही उनके रात्रि भोजन की व्यवस्था भी नगर भवन में रहेगी। सभी कार्यों के सफल एवं सुचारु रूप से संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है ताकि कार्यक्रम गरिमा पूर्ण, ऐतिहासिक एवं यादगार बन सके। जिला अध्यक्ष प्रकाश जाधव, संरक्षक जामवंत वर्मा, प्रमुख सलाहकार टेसू लाल धुरंधर एवं जिला प्रवक्ता रघुनाथ प्रसाद पटेल ने अधिक से अधिक संख्या में पेंशनरों को समय से पूर्व उपस्थित होने के लिए निवेदन किया है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** भिथीडीह तालाब के पास पिकअप की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। घटना 24 नवंबर की है। जिसकी रिपोर्ट प्रार्थी ने पिथौरा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस को चक्रधर ठाकुर ने बताया कि 24 नवंबर को वह अपनी मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी 06 डीएच 3808 से कमारडेरा से वापस आ रहा था, कि शाम 6:30 बजे के भिथीडीह (विद्या नगर) तालाब के पास पीछे से पिकअप वाहन क्र. सीजी 22 एई 3177 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का सभापति ने किया उद्‌घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के ग्राम धुर्राबाँधा में खेले जा रहे टूर्नामेंट का उद्धघाटन जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने फीता काटकर किया शुभारंभ मैच राजाढार व लमती के मध्य खेला गया इस दौरान जायसवाल ने कहा कि खेल का आयोजन होने से न सिर्फ आपसी भाईचारा बढ़ता है, बल्कि मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है, उन्होंने कहां की ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता हैं।

खेल हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहा है और खिलाड़ियों के बीच वही जोश और अपनापन महसूस करता हूं। खेल से केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती देता है बल्कि अच्छे इंसान बनने का नींव भी रखता है उ उन्होंने आयोजन समिति का हौसला बढाते हुए ऐसे आयोजन भविष्य में करते रहने की बात कही इस मौके पर प्रमुखरूप से पवन वर्मा



अभिषेक मांडले, विक्की, राकेश, हेमलाल, हेमन्त वर्मा, सुखरतन पाल, पुनीत पटेल, अशोक वर्मा, करण ध्रुव, पोषण, विनोद पटेल व बड़ी संख्या खिलाड़ी बन्धुओं के साथ ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 172 लोगों की हुई जांच, 53 लाभार्थियों को मिले निःशुल्क चश्मे

# अल्ट्राटेक रावन ने खपराडीह में लगाया नेत्र स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






ग्राम खपराडीह में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर तथा श्री गणेश विनायक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना तथा जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क चश्मा, दवाइयाँ एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान करना था। शिविर में कुल 172 ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई जिनमें से 53 लाभार्थियों को चश्मे वितरित किए गए । इसके अतिरिक्त 62 ग्रामीणों को चश्मा वितरण अभी शेष है। साथ ही जांच के दौरान 24 लोगों को मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें आगे विशेष उपचार हेतु चिन्हित किया गया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. तुलसी एवं उनकी टीम तथा अरुण सिंह द्वारा उच्च स्तरीय जांच एवं विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर खपराडीह के सरपंच गजेन्द्र वर्मा की गरिमामय उपस्थिति एवं सहयोग से कार्यक्रम और अधिक प्रभावी बनाए ।

### इनकी भूमिका रही अहम

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर के प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम के सुरेंद्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, हेमलता ध्रुव एवं सुनीता निषाद के सक्रिय सहयोग से शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

